मोदी की सभा आज, 1 लाख से अधिक मतदाता आएंगे

फोटो : ऋषभ जैन

एयरपोर्ट से कार द्वारा सभा स्थल पर आएंगे, गुजरात के उप मुख्यमंत्री भी रहेंगे मौजूद, तैयारिया पूरी

उदयपुर. नगर संवाददाता | प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उदयपुर में गुरूवार को होने वाली सभा में एक लाख से अधिक मतदाता आएंगे। मोदी एयरपोर्ट से सभा स्थल तक बाई रोड़ जाएंगे और सभा करने के बाद बाई रोड़ ही एयरपोर्ट जाएंगे और वहां से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। भाजपा ने सभा को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने देर रात तक अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरूवार को होने वाली सभा को लेकर भाजपा प्रदेश महामंत्री और संभाग प्रभारी दामोदर लाल अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मोदी सभा स्थल पर शाम को 6 बजे आ जाएंगे और उदयपुर जिले की आठों विधानसभाओं के मतदाता, भाजपा कार्यकर्ता दोपहर से आना शुरू हो जाएंगे। इस सभा में भाजपा के उदयपुर जिले के आठों विधानसभाओं के प्रत्याशी भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एयरपोर्ट पर शाम को 6 बजे आएंगे और वहां से बाई रोड़ सभास्थल पर आएंगे। यहां पर वे विशाल आमसभा को सम्बोधित करेंगे और सभा समापन के बाद प्रधानमंत्री मोदी बाई रोड़ ही एयरपोर्ट जाएंगे और वहां से दिल्ली प्रस्थान कर जाएंगे। इस सभा में राजस्थान के चुनाव सह प्रभारी और गुजरात के उप मुख्यमंत्री नितिन भाई पटेल भी उपस्थित रहेंगे। साथ-साथ प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल ने बताया कि सभा स्थल पर पार्किंग की पूरी व्यवस्था कर ली है और जिले भर से आने वाले मतदाताओं के वाहनों की पार्किंग भी वहीं की जाएगी। अग्रवाल ने बताया कि इस सभा को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह है। इसकी मॉनिटरिंग देहात जिलाध्यक्ष चन्द्र गुप्त सिंह चौहान व प्रमोद सामर कर रहे है। पत्रकार वार्ता में प्रदेश मंत्री पिकेंश पोरवाल, प्रदेश प्रवक्ता विकास बारेठ, शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, संभाग मीडिया प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल सहित कई नेता उपस्थित थे।

मना लिया जाएगा निर्दलीयों को

इस मौके पर भाजपा संभाग प्रभारी दामोदर अग्रवाल ने बागियों को लेकर कहा कि जे भी निर्दलीय मैदान में उतरे है, उनसे भाजपा के नेता और पदाधिकारी लगातार सम्पर्क में है। शीघ्र ही इन लोगों को मना लिया जाएगा। गुरूवार को नामाकंन उठाने के आखिरी दिन तीन बजे से सभी बागियों को मना लिया जाएगा। साथ ही कहा कि जो पार्टी छोड़कर अन्य का हाथ थाम चुके है उनके खिलाफ शीघ्र कार्यवाही की जाएगी।

यह रहेंगी यातायात व्यवस्था

- बासंवाडा, सलुम्बर की तरपु से आने वाले वाहनों की पार्किंग स्टेप बाई स्टेप स्कूल 100 फीट रोड के अंदर की तरफ पर होगी।
- डूंगरपुर, खैरवाडा, झाडोल एवं उदयपुर शहर की तरफ से आने वाले वाहन एसबीआई बैंक के सामने कट से होते हुये सर्विस लेन काठियावाडी होटल के सामने होते हुए इण्डियन ऑयल पेट्रोल पम्प के पास मंडी गेट से अन्दर मंडी प्रांगण में पार्क होंगे।
- चितौड़गढ, राजसंमद की तरफ से आने वाले वाहनो की पार्किंग ट्रांसपोर्ट नगर, बलीचा, उदयपुर पर होगी।

पार्किंग स्थल निम्न जगहों पर रहेगा

- सभा स्थल मैन पार्किंग मंडी प्रांगण गेट बलीचा।
- स्टेप बाई स्टेप स्कूल 100 फीट रोड।
- ट्रांसपोर्ट नगर बलीचा।
- प्रतापनगर चौराहे से अहमदाबाद जाने वाले भारी वाहन एकलिंगपुरा से जडाव नर्सरी, हाडी रानी चौराहा, रेती स्टेंड, पारस चौराहा, चुंगी नाका, बलीचा होकर अहमदाबाद की ओर जाएंगें।
- अहमदाबाद की ओर से आने वाले भारी वाहन बलीचा, चुंगी नाका, पारस चौराहा, रेती स्टेण्ड, जड़ाव नर्सरी, एकलिंगपुरा होते हुए प्रतापनगर चौराहा की ओर जाएंगें।
- प्रशासनिक वाहनों व विशिष्ट जनों के वाहनो की पार्किंग व्यवस्था गेट नम्बर 2 के सामने सी ब्लॉक पीछे वाली रोड एंव बीजेपी कार्यालय 100 फिट रोड पर रहेगी।

अपराध/हादसा

सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

उदयपुर. नगर संवाददाता | संभाग के चित्तौड़गढ़ जिले के बेगूं थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध और वृद्धा की मौत हो गई। पुलिय के अनुसार शंभूलाल (55) पुत्र बालू धाकड़ निवासी आंवलहेड़ा गत 2 नवम्बर को सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नालिया का माल जा रहा था, नंदवई रोड पर अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया, जिससे गंभीर घायल की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर हेड कांस्टेबल हिम्मतसिंह ने मामला दर्ज किया।

ट्रेलर ने बाईक को मारी टक्कर, वृद्धा की मौत

उदयपुर. नगर संवाददाता | बड़ी सादड़ी थाना क्षेत्र में करनोड़ दरवाजा निवासी लीलाबाई (70) पत्नी नंदा वागरिया गत 6 नवम्बर को अपने जमाई भमरू वागरिया के साथ बाईक पर रिश्तेदारी के वहां जा रही थी। जरखाना के वहां ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे सास व जमाई घायल हो गये। गंभीर घायल लीलाबाई की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई।

अज्ञात वाहन की बाईक सवार की मौत

उदयपुर. नगर संवाददाता | जिले के फलासिया थाना क्षेत्र में बाईक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे इस युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार वीरका (28) पुत्र हाजू पारगी निवासी तुरगढ़ फलासिया जो 31 अक्टूबर को उदयपुर से बाईक पर गांव जा रहा था। इस दौरान रास्ते में खेराड़ में रोड़ पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, जहां से उदयपुर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

गांजा परिवहन करते एक युवक गिरफ्तार

उदयपुर. नगर संवाददाता | जिले की वल्लभनगर थाना पुलिस ने अवैध रूप से गांजा लेकर परिवहन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किय है। थानाधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि गश्त करते हुए वाजमिया गांव पहुंचे, जहां पर चामुण्डा माताजी के मंदिर की तरफ से एक व्यक्ति प्लास्टिक का कट्टा लेकर आ रहा था, जो पुलिस को देखकर घबरा गया, जिसका पीछा कर पकड़ा और पूछताछ की तो उसने अपना नाम जवान सिंह पुत्र बाघसिंह निवासी वाजमिया वल्लभनगर होना। कट्टे की तलाशी ली तो कट्टे में 1 किलो 700 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

वाहन की टक्कर से रिटायर्ड अध्यापक की मौत

उदयपुर. नगर संवाददाता | जिले के फलासिया थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से रिटायर्ड अध्यापक की मौत हो गई।

घोड़ीमारी निवासी रिटायर्ड अध्यापक पूंजाराम (61) पुत्र धन्ना गरासिया गत देर शाम को कोल्यारी बाजार से कार से सामान लेकर घर की तरफ लौट रहा था कि कोल्यारी बाईपास पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एमबी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां दोपहर को उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिये।

लाखों रूपए और ज्वेलरी हड़पने का मामला

उदयपुर. नगर संवाददाता | प्रतापनगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने एक परिवार के खिलाफ उसके व उसके पति से लाखों रूपए उधार लेकर हड़पने और ज्वैलरी भी गिरवी रखकर लाखों रूपए लेकर हड़पने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार ज्योति कुंवर पत्नी कमलेन्द्रसिंह चौहान निवासी झरनो की सराय देबारी ने राहुल पुत्र राजकुमार जैन निवासी शास्त्री नगर खेमपुरा, इसके पिता राजकुमार जैन, किर्ति जैन पुत्री राजकुमार जैन, खुशबू जैन पुत्री राजकुमार जैन, उत्कर्ष जैन पुत्र राजकुमार जैन निवासी शास्त्री नगर खेमपुरा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि राहुल जैन उसके पति का परिचित था और उसका फरियादिया के घर पर आना-जाना था तथा उसके पिता राजकुमार जैन व बहन खुशबू जैन से भी अच्छा परिचित होने से तथा आरोपी राहुल को पैसों की आवश्यकता होने से उनके कहने से उसके पति ने 2 लाख 65 हजार रूपए, इसके बाद 68 हजार रूपए ऑन लाईन और 2 लाख रूपए नकद दिए। आरोपी ने कुछ समय बाद फोन से अपने पिता राजकुमार जैन से बात करवाई और 4 लाख रूपए मांगे तो उन्होंने नहीं होना बताया। साथ ही बताया कि गोल्ड लोन ले रखा था, वहाँ पैसा जमा करवाकर ज्वेलरी छुडवाकर लाए है इस पर राजकुमार जैन ने कहा कि ज्वैलरी अभी काम नहीं आ रही है और बैंक में सुरक्षित रहेगी, राहुल को अभी पेसों की आवश्यकता है। उससे कहा कि वह अपनी ज्वेलरी राहुल को दे दो वह लोन ले लेगा। वह सारे पैसे व ज्वेलरी एक माह में वापस आपको लौटा देगा। इस पर फरियादिया व उसके पति ने विश्वास कर लाखों की ज्वैलरी उसे दे दी। राहुल ने एक गोल्ड लोन में इस ज्वैलरी को स्वयं की बताकर 3 लाख 30 हजार रूपए गोल्ड लोन ले लिया तथा उसमें राजकुमार जैन को नोमिनी बना दिया। इसके बाद वह रकम मांगने लगे तो वे टालमटोल करने लगे। आरोपियों ने उससे कहा कि रकम के एवज में 3 लाख देने होंगे। इस पर फरियादिया के भाई सोहनसिंह को कहा, जिस पर सोहनसिंह ने 2.80 लाख रूपए दिए जिसे आरोपियों को ज्वेलरी छुड़वाने के लिए दिए तो वह भी खर्च कर दिए। बाद में सम्पर्क किया तो वे टालमटोल करने लगे। पुलिस में प्रकरण दर्ज करवाने की चेतावनी पर राजकुमार ने उसे फोन कर कहा कि उसके पुत्र राहुल ने पैसों से अच्छी प्रोपर्टी खरीदी है और कुछ दिनों बाद वह पैसा दे देगा। राजकुमार ने कहा कि उसकी बेटी की शादी है और 4 लाख रूपए ब्याज पर मांगे। इस पर जैसे-तेसे कर 4 लाख 30 हजार रूपए आरोपियों को दिए। आरोपियों ने 15 अप्रैल 2023 तक उधार लिये सारे रूपये व ज्वेलेरी देने का आश्वासन दिया। इस पर नीयत दिनांक पर फोन किया तो उसका फोन बंद था। परिजनों को फोन किया तो वह उसे धमकाने लगे और पैसा व ज्वेलरी देने से इंकार कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डिवाईडर से बाईक टकराने से युवक की मौत

उदयपुर. नगर संवाददाता | शहर के समीप टीड़ी थाना क्षेत्र में एक बाईक अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा गई, जिससे बाईक पर बैठे युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिगनेश (38) पुत्र महेन्द्र जोशी निवासी जवास और आकार सिंह पुत्र पर्वतसिह चौहान निवासी जवास दोनो बाईक पर उदयपुर से अपने घर जवास आ रहे थे और बाईक आकार सिंह चला रहा था। इनके पीछे-पीछे जिगनेश के मामा का लड़का गौरव व्यास पुत्र नाथूलाल व्यास निवासी महिडा पहाडा भी अन्य बाईक पर चल रहा था। पडुणा पाटिया पुलिये के पास उदयपुर से खेरवाडा जाने वाले रोड पर बाईक चालक ने बाईक को डिवाईडर से टकरा दिया, जिससे बाईक के पीछे बैठा जिगनेश नीचे गिर गया ओर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पर मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

बकरियां चराने गई अधेड़ महिला की जंगल में हत्या

पायजेब गायब, सिर पर बाईं ओर आंख के उपर पत्थरों से हमले के निशान, महिला के कपड़े अस्त-व्यस्त

उदयपुर. नगर संवाददाता | शहर के अंबामाता थाना क्षेत्र में बकरी चराने के लिए गई एक अधेड़ उम्र की महिला की जंगल में ही हत्या कर दी। महिला के पांव में पहने पायजेब गायब है और महिला के सारे कपड़े भी अस्त-व्यस्त है। पुलिस को आशंका है कि इस क्षेत्र में आने वाले नशेड़ियों ने नशे की अवस्था में इस महिला की हत्या कर दी होगी। महिला की सिर पर बाईं आंख के उपर चोट के निशान है।

जानकारी के अनुसार काली बाई (50) पत्नी भूरीलाल गमेती निवासी पीपली चौक मल्लातलाई जो मस्तान बाबा के पास में एंटी कोस्टल के सामने के जंगलों में बकरियां चराने गई थी। यह महिला प्रतिदिन बकरियां चराने जाती है और शाम को पुन: आ जाती है। इस महिला का एक पुत्र अजय उर्फ बापू है जो भी सुबह मजदूरी पर जाता है और शाम को पुन: आ जाता है। जंगल में शाम को गए लोगों ने महिला का शव पड़ा देखा तो इस बारे में पुलिस को बताया जिस पर थानाधिकारी डॉ. हनवंत सिंह राजपुरोहित मय जाब्ते के पहुँचे। मौके पर जाकर देखा तो मृतका के कपड़े अस्त-व्यस्त थे और सिर पर बाई आंख के उपर चोंट के निशान थे। ऐसा लग रहा कि मानों किसी ने पत्थर से हमला कर हत्या करा दी हो। शव मिलने की जानकारी पर मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। पुलिस ने मौके पर ही एफएसएल टीम को बुलाय और साक्ष्य एकत्रित करवाए। इस दौरान मृतका का पुत्र

अजय उर्फ बापू भी आ गया, जो अपनी मां का शव देखकर बिलख उठा। पुलिस ने मौके साक्ष्य एकत्रित करने के बाद शव को उठाकर मोर्चरी में रखवाया, जहां पर गुरूवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

मौके पर मिले संघर्ष के निशान

पुलिस के अनुसार मौके पर संघर्ष के निशान है और महिला के कपड़े जिस तरह अस्त-व्यस्त है उससे स्पष्ट है कि महिला ने अपनी जान बचाने के लिए जमकर संघर्ष किया था और बदमाशों को उसने काफी देर तक रोके रखा। बाद में बदमाश पत्थर से हमला कर हत्या कर शव वहीं पर छोड़कर चले गए।

घूमते रहते है इस जंगल में नशेड़ी

पुलिस के अनुसार इस जंगल में नशेड़ी घूमते रहे है और दिनभर यहां-वहां पर नशा कर पड़े रहते है।

महिला के पांव में पाएजेब देखकर नशेड़ियों की नीयत बदल गई होगी और नशेड़ियों ने लूट की नीयत से महिला से पाएजेब छीनने का प्रयास किया होगा पर महिला ने जमकर विरोध किया होगा, इसी कारण नशेड़ियों ने हत्या कर दी होगी।

पति से अलग, मां-बेटे दोनों के पास फोन नहीं

मृतका काली बाई का पति भी इसी क्षेत्र में रहता है। बरसों पहले दोनों अलग हो गए थे। महिला अपने बेटे और बेटी को लेकर वहीं पर झोंपड़ा बनाकर रहने लगी थी। इसकी बेटी की कुछ सालों पहले मौत हो गई थी। मृतका के बेटे अजय उर्फ बापू ने बताया कि ना तो उसकी मां के पास फोन है ना ही उसके पास।

पड़ोसियों ने बताया तो पता चला

मृतका के बेटे अजय उर्फ बापू ने बताया कि उसकी मां सुबह 7 से 8 के बीच में बकरियां व टिफिन लेकर चली जाती हैं और शाम को पुनः आ जाती है। मृतका के बेटे ने बताया कि मां सुबह बकरियां और टिफिन लेकर चली गई थी और वह भी मजदूरी पर चला गया था। शाम को वह घर पर आया और देखा तो मां नहीं थी तो वह घर में ही इंतजार कर रहा था। इस दौरान अंधेरा होने पर पड़ोसी से जाकर पूछा तो पता चला कि उसकी मां की लाश जंगल में पड़ी है। इस पर वह भागता हुआ जंगल में गया।

शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड
कार्पोरेट कार्यालय - 425, उद्योग विहार फेस-IV, गुरुग्राम-122015 (हरियाणा)
फोन: 0124-4212530/31/32, ईमेल:- customercare@shubham.co, बेवसाईट - www.shubham.co

आधिपत्य सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)

जहां कहीं शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड (यहां आगे शुभम कहा जायेगा) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सिक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फायनेंसियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 एवं के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित ऋणकर्ताओं को ऋण राशि को उपरोक्त सूचना की प्राप्ति के दिनांक से 60 दिवस के अंदर पुर्नभुगतान हेतु नोटिस जारी किया था।

ऋणकर्ता राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे हैं ऋणकर्ताओं को एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप से इस एतद सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त कानून के नियम 8 के साथ उपरोक्त कानून की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है। ऋणकर्ताओं को विशेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं इन संपत्तियों के साथ व्यवहार शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड के साथ नीचे दर्शाई राशि एवं उस पर ब्याज के विषयानुसार होगा।

ऋणकर्ता के ध्यानार्थ, धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध समयसीमा में सुरक्षित संपत्ति वापस प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। विवरण नीचे दिया गया है:-

स. क्र.	ऋण खाता क्रं. ऋणकर्ता (ओं) का नाम	मांग सूचना दिनांक एवं मांग राशि	सुरक्षित संपत्ति	चस्पा की दिनांक
1	लोन नं. 0UDP1711000005008971, शाहीद अली, साबिया खान	18-08-2023 & ₹ 20,19,977/-	प्लॉट नं.9-सी, सीसरमा, (खसरा नं. 2047, 2048 एन, 2061 से 2073) मस्तानपिया कॉलोनी, तहसील गिरवा, जिला उदयपुर, राजस्थान-313001	06-11-2023

स्थान : गुडगाँव
दिनांक : 08-11-2023
प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

ICICI Home Finance
कॉर्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई -400059, भारत
शाखा कार्यालय : पहली मंजिल, दुकान नंबर एफ 22, शारदा कॉलोनी के सामने, नक्षत्र मॉल, बांसवाड़ा- 327001
शाखा कार्यालय : भू-तल, प्लॉट नं. 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर-313001

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतदद्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी / प्रभारित की गई है, जिसका भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार(रों)/ सह कर्जदारों के नाम/ गारंटर / कानूनी वारिस। ऋण खाता संख्या	ज्ञात ऋणभारों के साथ सुरक्षित संपत्ति(यों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना धन जमा	संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	नीलामी की तिथि और समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	हिरालाल निनामा (उधारकर्ता), किरण (सह-उधारकर्ता), ऋण खाता सं. LHUDP00001336679 & LHUDP00001336788	आवासीय घर प्लॉट नंबर- 50, ब्लॉक-डी, अंबेडकर सर्कल, पिपलोद पेट्रोल पंप के अंदर, तालुका और जिला- बांसवाड़ा (राजस्थान) में स्थित है।	रू. 17,78,582/- 31 अक्टूबर 2023	रू. 17,83,688/- रू. 1,78,370/-	04 दिस. 2023 सुबह 11 से शाम 3 बजे	19 दिस. 2023 दोपहर 2 से शाम 3 बजे
2.	मोहनलाल सेन (उधारकर्ता), मंजु देवी (सह-उधारकर्ता), ऋण खाता सं. LHUDP00001347450 & LHUDP00001347451	पट्टा क्रमांक 120, मोहन लाल पुत्र मांगी लाल जीनगर, कुम्हार मोहल्ला रामद्वारा केलवा ना राजसमंद-313324 के पक्ष में	रू. 6,44,981/- 31 अक्टूबर 2023	रू. 10,41,863/- रू. 1,04,190/-	04 दिस. 2023 सुबह 11 से शाम 3 बजे	19 दिस. 2023 दोपहर 2 से शाम 3 बजे
3.	विक्रम आर्य (उधारकर्ता), संतोष देवी (सह-उधारकर्ता), ऋण खाता सं. LHRSM00001293334	फ्लैट नंबर 37 बी तीसरी मंजिल बी विंग इंद्रप्रस्थ कॉम्प्लेक्स किशोर नगर राजसमंद राजस्थान 313324	रू. 12,74,409/- 31 अक्टूबर 2023	रू. 9,40,625/- रू. 94,070/-	04 दिस. 2023 सुबह 11 से शाम 3 बजे	19 दिस. 2023 दोपहर 2 से शाम 3 बजे

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** की वेबसाइट **(URL Link-/https://BestAuction Deal.com)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों/नोटिस को **18 दिसम्बर 2023** को **शाम 5.00 बजे** से पहले कुल देय राशि को और ब्याज के साथ भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा। संभावित बोलीदाताओं को अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई अनुसार) **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी, पहली मंजिल, दुकान नंबर एफ 22, शारदा कॉलोनी के सामने, नक्षत्र मॉल, बांसवाड़ा- 327001 में 18 दिसम्बर 2023 को शाम 04:00 बजे** या उससे पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी, पहली मंजिल, दुकान नंबर एफ 22, शारदा कॉलोनी के सामने, नक्षत्र मॉल, बांसवाड़ा- 327001** में **18 दिसम्बर 2023 को शाम 05:00 बजे** या उससे पहले जमा करना होगा। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) **बांसवाड़ा, राजसमंद** में देय **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत/ अनुसूचित बैंक से होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, 022-69974300** पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्सएक्सन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com/** देखें।

दिनांक : 09 नवम्बर, 2023
स्थान : बांसवाड़ा, राजसमंद
अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड